मेरे सर पे मोरछड़ी तू कब लहराएगा

बातो से अब काम सँवारे न चल पायेगा,
मेरे सर पे मोरछड़ी तू कब लहराएगा,

तू मेरा मालिक मैं तेरा नौकर भूल नहीं पाउगा,
राजी राजी दे दे या मैं हक़ से ले जाउगा ,
आज बतादे सँवारे कब तक बहलाएगा,
मेरे सर पे मोरछड़ी तू कब लहराएगा,

और किसी से अब ना माँगा जाएगा मुझसे,
मैंने तो बीएस इतना सीखा मांगना है तुझसे,
सिर पर रखदे हाथ मेरे तेरा क्या घाट जाएगा,
मेरे सर पे मोरछड़ी तू कब लहराएगा,

तेरे सिवा न कुछ भी जानू तू है इक सहारा,
तेरी ही किरपा से चलता बाबा मेरा गुजारा,
जोगी किरपा कर थोड़ी तेरा क्या घाट जाएगा,
मेरे सर पे मोरछड़ी तू कब लहराएगा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9703/title/mere-ser-pe-morchadi-tu-kab-leharayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |